# बाल मेला में हासिल ज्ञान दूसरों को बांटे, समर कैंप का समापन

भोपाल (हिनप्र)।

**एलवीएस एजुकेशनल सोसाइटी के विद्यालयों में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैम्प 2022 बाल मेले का एलवीएस स्कूल के सभागार में समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।**

कार्यक्रम में समिति के मैनेजिंग डायरेक्टर भगवानदास दामानीजी, एकेडमिक प्रमुख गोपाल गिरधानी का स्वागत प्रेरणा किरण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या आरती कुलकर्णी, उप प्राचार्य पंकज उपाध्याय हैडमिस्ट्रेसस उषा टहिलयानी, वर्षा राजपूत मैडम द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समर कैम्प मे शामिल लगभग 200 बच्चों ने भाग लियां ।स्वागत उदबोधन में उपप्राचार्य पंकज उपाध्याय ने कैंप की



जानकार दी। इस कैम्प मे विभिन्न विधाएं जैसे कंप्यूटर क्लासेस,इंग्लिश स्पोकन,मेहँदी,आर्ट एंड क्राफ्ट स्पोर्ट्स, कैलीग्राफी, संगीत, डांस आदि इस लघु अवधि मे शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सिखाया गया और उम्मीद से बढ़कर सफलता मिली।सिद्धभाऊ ने अपने संदेश में समर कैम्प के च्चों को ईश्वरीय अवतार मानकर अच्छी सेवा करने पर बल दिया एवं बच्चों को संस्कारवान नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया।समिति के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी एवं सह सचिव एससी साधवानीजी ने भी अपने प्रेषित संदेश में समर कैंप में शामिल हुए छात्र छात्राओं को कैम्प में प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग समाज उन्नति हेतु करने पर बल दिया। दामानी ने कहा कि आज के समय मे सभी को इंग्लिश और कंप्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है नहीं तो आप अनपढ़ के समान हो सकते हैं।

उन्होंने अनुशासनप्रिय बनने पर भी बल दिया। गिरधानी ने कहा कि समर कैंप में प्राप्त ज्ञान को अपने तक न रखे बल्कि अन्य लोगो को भी वितरित करें, इससे आपको आत्मसंतुष्टि मिलेगी, उन्होंने बताया कि गांधी नगर में इतने बड़े स्तर पर इस बाल मेले समर कैंप का सफल आयोजन किया गया है। एलवीएस हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या जयश्री ममतानी ने कहा कि पढ़ाई के साथ सहगामी क्रियाओं का भी जीवन में महत्व है। इस मौके पर सभी समर कैंप के विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किये गए।समिति द्वारा प्रशिक्षक शिक्षको को देकर उनका सम्मान किया गया। संचालन प्रिया कंजानी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्या आरती कुलकर्णी ने व्यक्त किया।

# शाहपुरा इलाके में तीन मंजिला मकान गिरा, 65 वर्षीय मजदूर की मौत

भोपाल (काप्र)।

**भोपाल के शाहपुरा इलाके में बुधवार शाम अचानक एक मकान गिर गया। इसके मलबे में तीन मजदूर दब गए। हालांकि दो लोगों को तुरंत निकाल लिया गया, जबकि एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर समेत प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे।**

बताया जा रहा है कि ये मकान एडीजी राजेश चावला का है। उन्होंने हाल में ये मकान खरीदा है। मकान को री-कंस्ट्रक्शन कराया जा रहा था। बताया गया कि शाहपुरा ए-सेक्टर मकान नंबर-108 को री-कंस्ट्रक्शन के लिए उसकी तुड़ाई चल रही थी। मजदूर हथौड़े की मदद से तुड़ाई कर रहे थे। इसी बीच मकान भरभरा कर गिर गया। काम कर रहे तीन मजदूर नीचे गिर गए। नगर निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी कोलसानी ने बताया कि घटना के समय 6 मजदूर काम कर रहे थे। तीन मजदूर मलबे में दब गए थे। इनमें दो को तुरंत निकाल लिया गया। पुलिस का कहना कि राम विलास कहार(65) की मौत हो गई है। मौके पर दो जेसीबी मलबा हटाने में जुटी रहीं। घटना के बाद विधायक पीसी शर्मा समेत अन्य नेता भी पहुंच गए। मलबे में से निकले मजदूर गुरुदयाल ने बताया कि हम लोग हथौड़े की मदद से मकान के नीचे तुड़ाई कर रहे थे। शाम को काम खत्म होने वाला था। मैं औजार लेकर छत पर पहुंचा। इसी बीच अचानक मकान भरभराकर गिर गया। मैं भी नीचे गिर गया। मैं बचने के लिए सीढ़ी के नीचे छिप गया। इस कारण बच गया।

## बजरंग दल की बैठक कल

बजरंगदल कि प्रांत बैठक भोपाल मे 3 जून को धर्मकांटा स्थित महाकाल गार्डन मे होगी जिसमे प्रांत टोली 9 विभाग और 32 जिले के संयोजक रहेंगे। जिनका मार्गदर्शन राष्ट्रीय संयोजक सोहन सोलंकी करेंगे साथ ही प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव एवं प्रांत संयोजक सुशील सुडेले रहेंगे।

# डीजीपी ने किया एसएएफ जवानों से संवाद



भोपाल (काप्र)।

**भोपाल पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने आज बुधवार एक जून को 23वीं और 25वीं वाहिनी परिसर पहुँचकर बैरक, श्वान कैनल सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।**

इस दौरान डीजीपी ने एसएएफ की महिला तथा पुरूष पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनके रहने तथा भोजन व्यवस्था और ड्यूटी आदि की जानकारी ली। उन्होंने एसएएफ कर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। एसएएफ कर्मियों ने किए जा रहे कार्यों, दिनचर्या तथा समस्याओं से डीजीपी को अवगत कराया।

डीजीपी सक्सेना ने श्वान कैनल के निरीक्षण पश्चात श्वान की विभिन्न नस्लों की जानकारी प्राप्त कर दिए जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने 23वीं और 25वीं वाहिनी के डिप्लायमेंट की जानकारी प्राप्त कर सभी एसएएफ जवानों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर डीजीपी श्री सक्सेना ने 23वीं वाहिनी में नवनिर्मित बैरक तथा श्वान कैनल का भी उद्घाटन किया।

# कैलाश सारंग की जयंती को सेवा-दिवस रुप में मनाकर आंगनवाड़ी में बाटेंगे खिलौने-आहार

**भोपाल।** कैलाश-प्रसून सारंग अन्न क्षेत्र, अशोका गार्डन, भोपाल, सारंग सदावर्त आश्रम, घाटपिपरिया, जिला रायसन, सारंग जनसेवा न्यास सेवालय (बृद्धाश्रम), बरेली, कैलाश-प्रसून सारंग एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, जेसे सेवा प्रकल्प हम सबको एक ऐसी सख्सियत का स्मरण कराते हैं जिसने अपना संपूर्ण जीवन समाज-सेवा/मानव सेवा के लिये समर्पित करते हुए उपरोक्त प्रकल्पों का अस्तित्व सुनिश्चित कर दिया. ऐसी दिव्य आत्मा बृह्मलीन माननीय श्री कैलाश नारायण सारंग जी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, एवं पूर्व सांसद की स्मृति में, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत एवम भोपाल इकाई द्वारा कलप्रातः 10 बजे बिहारी मोहल्ला, सुभाष नगर मरघट के पीछे, पानी की टंकी के बगल में, आंगनवाड़ी केंद्र 537, सुभाष नगर भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रदेश के चिकित्सा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में अभाकाम के पदाधिकारीगण द्वारा प्रात 10 बजे बच्चों के लिए खेल-खिलौने एवं पौष्टिक आहार, गभर्वती महिलाओं को दूध एवम विटामिन सामग्री का वितरण किया जावेगा।

इसी कड़ी में चित्रगुप्त धाम मनकामेश्वर महादेव-नेवरी मंदिर में शाम 4.00 बजे से अभाकाम की युवा इकाई द्वारा रक्त दान शिविर के उपरांत, शाम 5.00 बजे से मंदिर परिसर के हाल में सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति प्रसिद्ध मंडली द्वारा एवं सांय 7.00 बजे से सामूहिक आरती होगी। इसके उपरांत ब्रम्हलीन परम आदरणीय श्री सारंग के आदर्शों का स्मरण करने के पश्चात उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधुओं, सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला पदाधिकारीगण से सपरिवार उपस्थित होने की अपील सर्वश्री सुनील श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव नीलू, बृजेश श्रीवास्तव, शीला-ज्ञान भटनागर, दीपा खरे, सीजेपी ब्यौहार, अभय प्रधान, चन्द्रेश सक्सेना, राजकुमार श्रीवास्तव, कैलाश सक्सेना आदि ने अपील की है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता अभियान

भोपाल (काप्र)।

**विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश समाज सेवा संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये जागरुकता का अभियान चलाया गया।**

तम्बाकू निषेध दिवस का उद्देश्य, तंबाकू के पर्यावरणीय प्रभाव और तम्बाकू की खेती, उत्पादन, वितरण और कचरे से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना है। यदि तम्बाकू उपयोगकर्ता तम्बाकू के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान को जानेंगे तो यह तंबाकू उपयोगकर्ताओं को तम्बाकू छोड़ने के लिए एक अतिरिक्त कारण देगा। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए। मध्य प्रदेश समाज सेवा संस्था ने मध्य प्रदेश वौलन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से लालघाटी, करोंद एवं गांधीनगर में तम्बाकू के प्रयोग के विरूद्ध हस्ताक्षर अभियान, बी. एस .एस. एस के बच्चों द्वारा नुकड़ नाटक,




एवं रैली के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों (जिनमें से अधिकांश दिहाड़ी मजदूर थे) का ध्यान और रुचि आकर्षित करने के लिए, डिजिटल सामग्री का उपयोग किया गया था। हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने बढ चढकर भाग लिया। संस्था प्रतिनिधियो द्वारा अभियान के माध्यम से जनता को तंबाकू के उपयोग के खतरों, तंबाकू कंपनियों की व्यावसायिक प्रथाओं, तंबाकू महामारी से लड़ने के लिए डब्ल्यूएचओ क्या कर रहा है,कि जानकारी प्रदान की।

मध्य प्रदेश समाज सेवा संस्था के निदेषक फादर किरन के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### चुनावी बिगुल फूंक....

किया। श्री नड्डा ने प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो भाजपा का संगठन है उसको खड़ा करने में हमारी चार-चार पीढ़ियां खप गई हैं। हमारे पास पाने को कुछ नहीं था, लेकिन खोने को सब कुछ था। इसके बाद भी कुशाभाऊ ठाकरे, राजमाता सिंधिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे कुशल संगठकों ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक अपना खून-पसीना पार्टी को दिया और इसी का परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गया है। आज हमारे पास नीति है, नीयत है, नेता, जज्बा है, लक्ष्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व भी है। श्री नड्डा ने कहा कि याद करो वह हमारी पहली पीढ़ी जिसने जनसंघ की स्थापना के बाद कितना संघर्ष किया, दूसरी पीढ़ी में संघर्ष जारी रहा और फिर तीसरी पीढ़ी ने भाजपा को चुनावों में जीत दिलाना शुरू किया। अब हमारी चौथी पीढ़ी कहती है कि हम अब चुनाव नहीं बल्कि चुनावों को जीतेंगे। हर राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे भोपाल में आने का मौका मिला। भोपाल की धरती कई महापुरूषों की धरती रही है। यहां पर राजाभोज जैसे पराक्रमी योद्धा रहे, तो रानी कमलापति जैसी महान क्रांतिकारी महिला ने जन्म लिया। श्री नड्डा ने कार्यसमिति में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। हम पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन हमें पार्टी के लिए क्वालिटी वाला काम करना है। हमारा संगठन आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और हमारे दल पर देश-दुनिया की निगाहें टिकी हुई रहती है, इसलिए हमें ऐसा कोई काम नहीं करना है, जिसके कारण हमारी पार्टी की एवं हमारे नेताओं की छवि खराब हो। हम आंकड़ों पर आधारित बात करें, हम मुद्दों पर बोलें। श्री नड्डा ने उदाहरण देते हुए समझाया कि भगवान जगन्नाथजी का रथ कौन खींचता है। सब रस्सी पकड़कर चलते हैं, लेकिन फिर भी रथ लगातार चलता रहता है। ऐसा ही भाजपा का संगठन है और हम सब रस्सी पकड़कर चल रहे हैं और हमारा संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है, नए आयामों को गढ़ रहा है।

### सोनिया-राहुल का.....

उनका चेहरा गड़बड़ है और आईना साफ कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि जो लोग जमानत पर बाहर हैं, वे अदालत में जाकर बात करें। यही नहीं उन्होंने कहा कि कोई अपराधी कभी अपना अपरध स्वीकार नहीं करता यह जेपी नड्डा ने कहा कि 20-20 साल तक सजा हो जाती है, लेकिन वे यही कहते हैं कि हमें फंसा दिया गया है। ये लोग बेल पर हैं। आप केस हटवा लीजिए, लेकिन ऐसा वो नहीं करते हैं। इसकी वजह यह है कि कागज पक्के हैं और फंसे हुए हैं। भ्रष्टाचार का मामला है और कोर्ट उसको अच्छी तरह से देख रहा है। यदि आपके ऊपर चार्जशीट दायर होती है तो फिर आप अदालत क्यों नहीं जाते। अब असम में भी ये लोग शून्य पर आ गए हैं। यूपी में 287 प्रत्याशियों के विधानसभा चुनावों में जमानत तक जप्त हो गई है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने भोपाल में मीडिया से चर्चा में कांग्रेस पर हमला करने के साथ परिवारवाद की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि परिवारवाद का मतलब है कि पिता पार्टी का अध्यक्ष और बेटा महासचिव है। पार्लियामेंट्री बोर्ड में चाचा और ताऊ हैं। यह परिवारवाद है। नड्डा ने देश में परिवारवाद की पार्टियों के नाम गिनाते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में पीडीपी, हरियाणा में लोकदल, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, महाराष्ट्र में शिव सेना व एनसीपी, पश्चिम बंगाल में टीएमसी, तमिलनाडु में डीएमके, कर्नाटक में कुमार स्वामी व झारखंड में शिबू सोरेन के दल हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में यह प्रयास है कि पिता के बाद बेटा कुर्सी ले ले, इसे रोका जाए। हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी हमने नीति के अनुरूप काम किया। हिमाचल प्रदेश में जीत की सीट भी हार गए मगर कार्यकर्ता को ही टिकट दिया। मध्य प्रदेश के उपचुनाव में नतीजे बहुत पक्ष में नहीं आए। कई बार ऑपरेशन करना पड़ता है और उस पर मरहम भी लगाया गया। शिवराज सिंह चौहान और वीडी शर्मा की जोड़ी के नेतृत्व में अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। इस सवाल के जवाब में नड्डा ने कहा- यह प्रश्न बार-बार खड़ा क्यों होता है? हम हर बार उखाड़ कर क्यों देखते हैं कि पेड़ लगा कि नहीं लगा। बाकायदा लगा हुआ है। ठीक ठाक पौधा चल रहा है। सब लोग काम में जुटे हुए हैं। शिवराजजी के नेतृत्व में अच्छी सरकार चल रही है। ठीक सरकार चल रही है। ये हम कह सकते हैं। जम्मू-कश्मीर को लेकर भाजपा अध्यक्ष ने कहा- अब वहां चुनाव शांति से हो रहे हैं। इसीलिए वहां के नेताओं में फ्रस्ट्रेशन है। भारत सरकार जम्मू-कश्मीर को मेन स्ट्रीम में लाने के लिए कटिबद्ध है। सीएए पर कहा कि यह कॉमन सिटिजन को टच नहीं करता। जो लोग बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से रिलिजियस बेसिस पर भारत आए हैं, उनको सिटिजनशिप राइट देने के लिए लाया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेपी नड्डा ने कहा- कोरोनाकाल में जब नेता ट्विटर पर मिलते थे, उस समय भारतीय जनता पार्टी ने जनता के बीच काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 करोड़ 74 लाख परिवार और गरीब लोगों को 5 लाख रुपए का सालाना हेल्थ कवर आयुष्मान भारत योजना के तहत देने का काम किया है। गरीब कल्याण अन्य योजना के तहत मध्य प्रदेश में 43.53 लाख मीट्रिक टन अनाज वितरित किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 82 लाख किसानों को धनराशि दी गई है। साथ में 4,000 रुपये सालाना का लाभ राज्य सरकार द्वारा अलग से दिया गया है। इससे पहले स्टेट हैंगर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनकी अगवानी की।

### भोपाल-इंदौर में ....

में 18689 और दूसरे चरण में 12072 ईवीएम(रिजर्व ईवीएम सहित) का उपयोग किया जाएगा। प्रदेश के 397 नगरीय निकायों में चुनाव कराए जाने के लिए आरक्षण की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई है।

### ईडी ने कांग्रेस नेता....

चाहती है। समाचार पत्र नेशनल हेराल्ड को एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) प्रकाशित करता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। ईडी ने हाल में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन बंसल से पूछताछ की थी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से पूछताछ कर वित्तीय लेनदेन,यंग इंडियन के प्रवर्तकों तथा एजेएल की भूमिका के बारे में पता लगाना चाहती है।यहां की एक निचली अदालत द्वारा यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर विभाग की जांच का संज्ञान लेने के बाद एजेंसी ने पीएमएलए के आपराधिक प्रावधानों के तहत एक नया मामला दर्ज किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने इस संबंध में 2013 में एक शिकायत दर्ज कराई थी।कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के प्रवर्तकों और शेयरधारकों में शामिल हैं।

### पार्टी और उसका .....

की भावना में अंधी हो गई है। इस बार उन्होंने एक बार नयी कायरना साजिश की है। अब प्रधानमंत्री मोदी जी ने कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल जी को ईडी से नोटिस जारी करवाया है। साफ है कि तानाशाह डर गया है।उन्होंने कहा कि हम डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि देश को गुमराह करने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व के खिलाफ कायरतापूर्ण षड्यंत्र रचा जा रहा है। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनुसिंघवी ने कहा कि यह एक बड़ी बीमारी है। यह बीमारी विरोधी दलों को निशाना बनाने की है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक विरोधी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। सिंघवी ने कहा कि इन्हीं चीजों को लेकर 2014-15 से कार्रवाई चल रही है। आज इन्हीं चीजों को लेकर ईडी को लाया गया है।

### योगी ने रखी....

कि राम मंदिर के भव्य निर्माण में पूज्य संतों और अशोक सिंघल का संघर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व लाखों कार्यकर्ताओं का पुरुषार्थ आज साकार रूप लेता दिखाई दे रहा है। योगी ने कहा कि यदि हम धर्म और सत्य के मार्ग का अनुसरण करेंगे तो विजयी होने से हमें कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण चल रहा है। आज जो भी श्रद्धालु या पर्यटक अयोध्या धाम आता है, वह मंदिर के भव्य स्वरूप का निर्माण होते देखकर धन्य अनुभव करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने भगवान राम के मंदिर की आधारशिला रखी थी तब भी मैंने कहा था कि 500 वर्षों के दौर में हमलोगों की पीढ़ी सौभाग्यशाली है जो हम मंदिर का निर्माण होते देख रही है। मुख्यमंत्री योगी ने मंदिर निर्माण के संघर्ष में बलिदान देने वाले महापुरुषों को नमन किया।

### राज्यसभा चुनावः राजस्थान ....

है। राजस्थान में 4 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। कांग्रेस ने रणदीप सुरजेवाला, मुकुल वासनिक और प्रमोद तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की कोशिश है कि अपने 71 विधायकों के अलावा आरएलपी के 3 और 2 बीटीपी के विधायकों को भी साथ मिल जाए। हालांकि, आरएलपी और बीटीपी ने पत्ते नहीं खोले है। आरएलपी का समर्थन मिल सकता है। लेकिन बीटीपी से समर्थन पर संशय बना हुआ है। भाजपा की ओर से अपने उम्मीदवार घनश्याम तिवाड़ी को 41 वोट की प्रायरिटी देने के बाद शेष बचे 30 वोट की प्रायोरिटी को इन दूसरे दल के विधायकों के साथ मिलकार निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा को देने की रहेगी। भाजपा की कोशिश रहेगी कि इन बीटीपी और आरएलपी के 5 सदस्यों के लिए अलावा 13 निर्दलीय और 2 सीपीआई के विधायकों के वोट को भी कैसे-तैसे करके अपने पाले में लाकर सुभाष चंद्रा को जीता सके।

# सेना के जवान ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाई

**भोपाल (काप्र)।** राजधानी के उपनगर बैरागढ इलाके मे सेना के जवान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 298 बी सीटीओ बैरागढ़ में रहने वाले 48 वर्षीय आरएस कुक्की सेना मे हवलदार के पद पर पदस्थ थे। इन दिनों उसकी पोस्टिंग सिक्कम में थी। वो एक माह की छुट्टी लेकर घर आए थे। बीती दोपहर करीब एक बजे उन्होने अपने कमरे मे फांसी के फदे पर झूलकर जान दे दी। बाद मे परिवार वालो ने उनका शरीर फदें पर लटका देख इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरुआती जॉच के बाद शव को एम के बाद परिवार वालो को सौपंते हुए जॉच शुरु कर दी है। अधिकारियो ने बताया कि फिलहाल घटनास्थल से सुसाइड नोट या कोई अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे खुदकुशी के कारणो का खुलासा हो सके। पुलिस मृतक के परिवार वालो ओर उसके दोस्तो के ब्यान दर्ज करेगी। वही पुलिस मृतक के मोबाईल की कॉल डिटेल खंगाल रही है। अधिकारियो का कहना है कि जॉच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणो का खुलासा हो सकेगा।


**SECTION1**

**NOTICE Inviting e- Tenders**

**office of the municipal corporation ,Bhopal (m.p)**

**N.I.T. No.: 916/es/bmc/2022** **dated 31.05.2022**

online percentage/item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registraion criteria:

| s. No | Tender ID | Name of work | probable Amount of contract (Rs. in lakh) | Earnest money Deposit (Emd) (in Rs) | cost of bid Document (in Rs) | period of completion (in months) | sor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_uad_ 208643_3 | Development of park (play Ground) at Natraj colony ward 84, zone 19 | 4446670/- | 33350/- | 5000/- | 04 months (excluding rainy season) | mpuadd issr2021 |

1.Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2.The Bid Document can be purchased only online from 10:30 A.M. (time) 01.06.2022(date) to 17:30P.M. (time)30.06.2022(date) 3.The bidder who bids in the tender will have to submit the document of participating firm Documents of firm viz any other partnership firm/sister concern etc. Will not be valid . 4.Amendments to NIT, if any would be published on website https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.
The initial period of 5(five )year after completion shall be treated as Defect liability period(DLP)

T.N. 303/022/023

**Executive Engineer**
**Municipal corporation bhopal**
**District bhopal**



**In The Court of I Civil Judge Class-I Presiding Officer चंदन सिंह चौहान**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(MIC SUC/0000022/2021)

P-514/1-6-22, ID-1900/22

Process Id- /2022, पेशी दिनांक 07.07.2022

दामोदर प्रसाद शर्मा ...........वादी

विरूद्ध

सर्वसाधारण ................प्रतिवादी

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण पता-जिला विदिशा

यह कि प्रार्थी दामोदर प्रसाद शर्मा ने आपके विरूद्ध एमजेसी सक्सेशन एमजेसीएसयूसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप व्यक्तिगत रूप से या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 30 डंल 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **टिप्पणी-** कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** **न्यायाधीष**
**चंदनसिंह चौहान**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीष**
**वरिष्ठ खण्ड विदिशा**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन-कोड 462003**

**web site : www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा क्रमांक 11 से 18/2022-23** **भोपाल, दिनांक 27/05/2022**

निम्नलिखित कार्यों ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| क्र | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेकेदारों की अनु.राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_PWDRB_207579_1 | भोपाल | बजट कार्य | वीर सावरकर अण्डर ब्रिज से गणेश मंदिर ई-3 अरेरा कालोनी तक मार्ग चौड़ीकरण का उन्यन हेतु 11 केवी एमपीएसआरटीसी फीडर एवं स्ट्रीट लाईट स्थापित करने का कार्य (0.46 किमी लंबाई) | प्रथम | 32,068 |
| 2 | 2022_PWDRB_207581_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग चार इमली में बी टाइप आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,094 |
| 3 | 2022_PWDRB_207582_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग चार इमली में डी टाइप आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,07 |
| 4 | 2022_PWDRB_207583_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग चार इमली में ई टाइप आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,523 |
| 5 | 2022_PWDRB_207584_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग चार इमली में ई टाइप आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,120 |
| 6 | 2022_PWDRB_207585_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग चार इमली में सी टाइप आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,053 |
| 7 | 2022_PWDRB_207586_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग कोटरा सुल्तानाबाद में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,252 |
| 8 | 2022_PWDRB_207587_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | (वि./या.) संभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग कर्मशाला के अधीन अनुभाग 1100 क्वाटर में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 24,933 |

**नोट** :- उपरोक्त वेबसाईट से ऑन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेब साईट के माध्यम से दिनांक 17/06/2022 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेगा। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेब साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में दिये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

**जी-13571/22**

**कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (वि./यॉ) संभाग क्र-1, भोपाल**